**समाजशास्त्र (039)**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र**

**कक्षा- XII (2025-26)**

समय: 3 घंटे | अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश:

1. प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है।
2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. खंड-क में प्रश्न संख्या 1-16 शामिल हैं। ये बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार एक उत्तर हो सकता है।
4. खंड-ख में प्रश्न संख्या 17-25 शामिल हैं। ये अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनके 2 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. खंड-ग में प्रश्न संख्या 26-32 शामिल हैं। ये लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनके 4 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. खंड-घ में प्रश्न संख्या 33-35 शामिल हैं। ये दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं जिनके 6 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
   प्रश्न संख्या 33 को दिए गए चित्र की सहायता से हल करना है।

| प्रश्न संख्या | खंड-क | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन " अभिकथन (A)" के रूप में दिया गया है, जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है। नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें:**<br>अभिकथन (A): शहरी मानदंड और मानक दूरदराज के गांवों में भी जाने-पहचाने होते जा रहे हैं, जो उपभोग के लिए नई इच्छाएं और आकांक्षाएं उत्पन्न कर रहे हैं।<br>कारण (R): जनसंचार माध्यम और संचार चैनल अब शहरी जीवन शैलियों और उपभोग के प्रतिरूपों की छवियों को ग्रामीण क्षेत्रों में ला रहे हैं।<br>क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |
| 2 | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन " अभिकथन (A)" के रूप में दिया गया है, जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है। नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें:**<br>अभिकथन (A): कुछ विद्वानों ने यह भी तर्क दिया है कि जनजातियों को "मौलिक" मानने का कोई सुसंगत आधार नहीं है। | 1 |



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |**

कारण (R): वे इसके बजाय प्रस्तावित करते हैं कि जनजातियों को वास्तव में "द्वितीयक" घटना के रूप में देखा जाना चाहिए जो पूर्व-विद्यमान राज्यों और जनजातियों जैसे गैर-राज्य समूहों के बीच गैर-शोषणकारी और औपनिवेशिक संपर्क से उत्पन्न हुई है।

क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

घ) A असत्य है और R सत्य है।

3 केरल का कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन स्तर से नीचे है। इसका अर्थ हो सकता है- 1

I. निम्न जनसंख्या वृद्धि दर।

II. 0-15 आयु वर्ग में जनसंख्या में वृद्धि।

III. आश्रितता अनुपात में कमी।

IV. जनसंख्या का वृद्ध होना।

क) I और II

ख) II और III

ग) III और IV

घ) I और IV

4 निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन " अभिकथन (A)" के रूप में दिया गया है, जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है। नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें: 1

अभिकथन (A): लगभग सभी कंपनियाँ, यहाँ तक कि सरकारी कंपनियाँ भी, अब किसी न किसी रूप में आउटसोर्सिंग और ठेकेदारी की प्रथा अपनाती हैं।
कारण **(R):** आउटसोर्सिंग की प्रथा के अंतर्गत काम की परिस्थितियाँ बहुत अच्छी और शोषणरहित होती हैं।

क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

ख) A और R दोनों सही हैं पर R, A की सही व्याख्या नहीं है।

ग) A सही है पर R ग़लत है।

घ) A ग़लत है पर R सही है।

5 वर्ण के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है? 1

क) वर्ण एक क्षेत्रीय वर्गीकरण है।

ख) चार वर्ण हैं।

ग) वर्ण का शाब्दिक अर्थ रंग है।

घ) पंचम वर्ण, वर्ण वर्गीकरण का हिस्सा नहीं है।

6 भाषाई राज्यों के गठन ने भारत के हित में कार्य किया क्योंकि- 1

क) तत्कालीन प्रधानमंत्री को विश्वास था कि भाषा देश को एकजुट करेगी।

ख) इसने भारत को पहचान-आधारित संघर्षों और गृह युद्धों से बचने में मदद की।

ग) इसने स्वयं-पर्याप्त पृथक प्रांतीय इकाइयां बनाईं।

घ) इसने राष्ट्र के राजनीतिक और संस्थागत जीवन को परिवर्तित नहीं किया।

7 सांस्कृतिक विविधता कठिन चुनौतियां प्रस्तुत कर सकती है क्योंकि- 1

क) सांस्कृतिक पहचानें शक्तिशाली नहीं होतीं।

ख) त्योहार मनाने के तरीके अलग-अलग होते हैं

ग) सांस्कृतिक भिन्नताएं बड़ी संख्या में लोगों को संगठित नहीं कर पाती हैं।

घ) एक समुदाय की सहायता के लिए उठाए गए कदम अन्य समुदायों को नाराज़ कर सकते हैं।

8 निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन " अभिकथन (A)" के रूप में दिया गया है, जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है। नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें: 1

अभिकथन (A): विद्यार्थी जीवन में कुमुदताई को संस्कृत पढ़ने में कोई रुचि नहीं थी।

कारण (R): कुमुदताई का मानना था कि संस्कृत पढ़कर वे महिलाओं और दलितों के बारे में ग्रंथों में लिखी बातों को मूल रूप में पढ़ सकती हैं।

क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

ख) A और R दोनों सही हैं पर R, A की सही व्याख्या नहीं है।

ग) A सही है पर R ग़लत है।

घ) A ग़लत है पर R सही है।

9 कानून अकेले समाज को परिवर्तित करने या स्थायी सामाजिक परिवर्तन लाने में असमर्थ है क्योंकि- 1

क) वर्तमान कानूनों ने सामाजिक बहिष्करण और भेदभाव की समस्या को पूरी तरह से हल कर दिया है।

ख) कानून कभी भी सामाजिक बहिष्करण और भेदभाव की समस्या को हल करने में सक्षम नहीं रहे हैं।

ग) कानूनों के बावजूद, भेदभाव और सामाजिक बहिष्करण के नए रूप उभरते हैं और जागरूकता लाने के लिए निरंतर सामाजिक अभियान की आवश्यकता होती है।

घ) राज्य अकेले सामाजिक बहिष्करण की समस्या को हल कर सकता है।

10 **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन " अभिकथन (A)" के रूप में दिया गया है, जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है। नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें:** 1

अभिकथन (A): 1990 के दशक से, सरकार ने उदारीकरण की नीति का पालन किया है।

कारण (R): उद्योग खोलने के लिए लाइसेंस की अब आवश्यकता नहीं है।

क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

घ) A असत्य है और R सत्य है।

**दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्न 11 और 12 के उत्तर दीजिए।**

शुरू से ही, समाजशास्त्र का विषय सामाजिक आंदोलनों में रुचि रखता रहा है। फ्रांसीसी क्रांति कई आंदोलनों का हिंसक परिणाम थी जिनका उद्देश्य राजतंत्र को उखाड़ फेंकना और 'स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व' की स्थापना करना था। ब्रिटेन में, औद्योगिक क्रांति बड़ी सामाजिक उथल-पुथल से चिह्नित थी।

11 सामाजिक आंदोलन समाजशास्त्र के लिए एक महत्वपूर्ण विषय क्यों हैं? 1

क) सामाजिक आंदोलनों ने सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों का अध्ययन नहीं किया।

ख) सामाजिक आंदोलनों ने समाज में स्थायी परिवर्तन नहीं लाए।

ग) सामाजिक आंदोलन कभी भी राज्य के विरुद्ध निर्देशित नहीं होते।

घ) सामाजिक आंदोलनों को अव्यवस्था लाने वाली शक्तियों के रूप में देखा गया, जो समाजशास्त्र का एक महत्वपूर्ण विषय था।

12 सामाजिक आंदोलनों के प्रकार के लिए निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है? 1

क) सामाजिक आंदोलनों के तीन प्रकार हैं।

ख) अधिकांश सामाजिक आंदोलनों में तीनों प्रकारों का मिश्रण होता है।

ग) बोल्शेविक क्रांति एक उद्धारक सामाजिक आंदोलन है।

घ) एझावा (Ezhava) समुदाय के लोगों का आंदोलन उद्धारक सामाजिक आंदोलन का एक उदाहरण है

**दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्न 13 और 14 के उत्तर दीजिए।**

भारत का संविधान इस संभावना को मान्यता देता है कि अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों के अलावा भी ऐसे समूह हो सकते हैं जो सामाजिक असुविधाओं से पीड़ित हैं। इन समूहों को - जिन्हें केवल जाति पर आधारित होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन सामान्यतः जाति द्वारा पहचाने जाते हैं - 'सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों' के रूप में वर्णित किया गया। यह आज प्रचलित लोकप्रिय शब्द 'अन्य पिछड़ा वर्ग' (OBC) का संवैधानिक आधार है।

13 OBC के बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है? 1

क) वे न तो स्थिति स्पेक्ट्रम के ऊपरी छोर पर 'अग्रणी' जातियों का हिस्सा हैं और न ही निचले छोर पर दलितों का।

ख) उच्च OBC ज्यादातर भूमिधारी जातियां हैं और भारत के कई क्षेत्रों में ग्रामीण समाज में प्रभुत्व रखती हैं।

ग) OBC केवल हिंदू धर्म तक ही सीमित हैं।

घ) OBC दलितों की तुलना में एक अधिक विविध समूह हैं।

14 निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में व्यवस्थित करें। 1

I. OBC का मुद्दा केंद्रीय स्तर पर वापस आया।

II. काका कालेलकर की अध्यक्षता वाले पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

III. केंद्र सरकार ने दस साल पुरानी मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया

IV. OBC का मुद्दा राष्ट्रीय राजनीति में एक प्रमुख मुद्दा बन गया।

सही क्रम की पहचान कीजिए:

क) I, II, III, IV

ख) IV, I, III, II

ग) II, I, III, IV

घ) III, IV, II, I

15 उपनिवेशवाद ने कई संरचनात्मक परिवर्तन लाए जैसे राष्ट्र-राज्यों का गठन। राष्ट्र-राज्यों के लिए निम्नलिखित में से क्या सत्य है? 1

क) राष्ट्र-राज्य राष्ट्रवाद के उदय से निकटता से जुड़े हैं।

ख) राष्ट्र-राज्य राज्य के एक विशेष प्रकार को दर्शाता है, जो आदिम विश्व की विशेषता है।

ग) राष्ट्र-राज्यों में लोग संप्रभु शक्ति का प्रयोग नहीं करते।

घ) राष्ट्र-राज्य लोकतांत्रिक विचारों से जुड़े नहीं हैं।

16 **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन " अभिकथन (A)" के रूप में दिया गया है, जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है। नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें:** 1

अभिकथन (A): जिन क्षेत्रों में जनजातीय आबादी केंद्रित है, वहां उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति सामान्यतः गैर-जनजातीय लोगों की तुलना में बहुत खराब होती है।

कारण (R): आदिवासियों के गरीबी और शोषण की परिस्थितियों का ऐतिहासिक कारण औपनिवेशिक ब्रिटिश सरकार द्वारा शुरू की गई त्वरित संसाधन निकासी की प्रक्रिया है, जिसे स्वतंत्र भारत की सरकार द्वारा बंद कर दिया गया।

क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

घ) A असत्य है और R सत्य है।

## खंड-ख

17 "जनसंख्या की शक्ति, पृथ्वी की मनुष्य के लिए भरण-पोषण करने की शक्ति, से इतनी अधिक है कि मानव जाति किसी न किसी रूप में असामयिक मृत्यु का सामना अवश्य करेगी। मानव जाति के दुर्गुण जनसंख्या कम करने के सक्रिय और सक्षम साधन हैं।" 2

माल्थस का जनसंख्या सिद्धांत निराशावादी क्यों है? स्पष्ट कीजिए।

18 'दिव्यांग-अनुकूल' न्यायालय 2

न्यायधीश के पद के लिए दिव्यांग व्यक्तियों की अनदेखी को उच्च न्यायपालिका की "विशेष" नीति बताते हुए, एक वरिष्ठ न्यायविद ने कहा कि विकलांगों की अनदेखी जारी रखकर न्यायपालिका एक कानूनी आदेश का उल्लंघन कर रही है। "उच्च न्यायालय की इमारत स्वयं 'दिव्यांग-अनुकूल' से बहुत दूर है।"

*- द हिंदू, बुधवार 2 अगस्त 2006-अनुवादित*

"दिव्यांग लोग दिव्यांग इसलिए नहीं हैं क्योंकि वे जैविक रूप से दिव्यांग हैं बल्कि इसलिए कि समाज उन्हें दिव्यांग बनाता है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण दीजिए।

**अथवा**

"अक्सर यह माना जाता है कि महिलाओं के अधिकारों के लिए सामाजिक सुधार पूरी तरह से पुरुष सुधारकों द्वारा लड़ा गया और महिलाओं की समानता के विचार विदेशी आयात हैं।" क्या यह धारणा सत्य है? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए।

19 "ग्रामीण समाज में कुछ पारंपरिक व्यवसायों में गिरावट आई है। लेकिन ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्थाओं के बढ़ते अंतर्संबंध ने विविध व्यवसायों को जन्म दिया है।" क्या यह कथन वैध है? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए। 2

20 'भारत ने एक लोकतांत्रिक राष्ट्र-राज्य के रूप में स्वयं को सफलतापूर्वक स्थापित किया है' — इस दावे के समर्थन में दो तर्क दें। 2

21 "सामाजिक स्तरीकरण विश्वास के प्रतिरूपों या विचारधारा द्वारा समर्थित होता है।" इस कथन का अर्थ अपने शब्दों में समझाइए। 2

22 समाजशास्त्रीय दृष्टि से अल्पसंख्यक कौन हैं? 2

**अथवा**

भारतीय राष्ट्रवाद को चिह्नित करने वाली प्रमुख प्रवृत्ति क्या है?

23 "अक्सर हम सामाजिक बहिष्करण और भेदभाव पर इस तरह चर्चा करते हैं जैसे वे केवल आर्थिक संसाधनों में अंतर से संबंधित हैं।" आप इस कथन को गलत कैसे सिद्ध करेंगे? 2

24 "जैसे-जैसे कोई उद्योग अधिक मशीनीकृत होता जाता है, उसमें कम लोगों को काम पर रखा जाता है, लेकिन उन्हें भी मशीन की गति से काम करना पड़ता है।" यदि श्रमिक मशीन की गति से काम करने लगें, तो क्या होगा? 2

25 "एक सामाजिक आंदोलन को कैसे देखा और वर्गीकृत किया जाता है, यह हमेशा व्याख्या का विषय होता है। यह एक वर्ग से दूसरे वर्ग के लिए भिन्न होता है।" एक उदाहरण के साथ समझाइए। 2

**खंड-ग**

26 "श्रम का बड़े पैमाने पर संचलन ग्रामीण समाज पर, प्राप्तकर्ता और आपूर्तिकर्ता दोनों क्षेत्रों में, कई महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है।" प्राप्तकर्ता और आपूर्तिकर्ता क्षेत्र पर पड़ने वाले दो-दो प्रभाव बताइए। 4

27 "1947 में भारतीय स्वतंत्रता औपनिवेशिक अतीत से एक बड़ा, लेकिन अंततः केवल आंशिक विच्छेद था।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। 4

28 राज्य को राष्ट्र और उसके लोगों के प्रति जवाबदेह बनाने में नागरिक समाज की महत्वपूर्ण भूमिका को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 4

29 पश्चिमीकरण में संस्कृति के बाहरी रूपों की नकल शामिल है। क्या यह पश्चिमीकरण का एकमात्र प्रकार है? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए। 4

30 1960 के दशक से कृषि विकास ने ग्रामीण सामाजिक संरचना को बदल दिया और शहरी मध्यम वर्ग के विस्तार में भी योगदान दिया। स्पष्ट करें कि कृषि विकास के परिणामस्वरूप ग्रामीण सामाजिक संरचना कैसे बदली। यह भी स्पष्ट करें कि इसने शहरी मध्यम वर्ग के विस्तार को कैसे बढ़ावा दिया। 4

31 "जैसे-जैसे ब्रिटेन में विनिर्माण का विकास हुआ, भारत से कपास और रेशम के पारंपरिक निर्यात में गिरावट आई।" दिए गए कथन का कारण बताइए। 4

**अथवा**

"पश्चिमी औपनिवेशवाद पश्चिमी पूंजीवाद के विकास से अविभाज्य रूप से जुड़ा हुआ था। इसने भारत जैसे उपनिवेशित देश में पूंजीवाद के विकास के तरीके पर एक स्थायी प्रभाव डाला।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

32 "समकालीन काल में जाति व्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण फिर भी विरोधाभासी परिवर्तनों में से एक यह है कि यह उच्च जाति, शहरी मध्यम और उच्च वर्गों के लिए 'अदृश्य' होती जा रही है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। 4

**खंड-घ**

33 नीचे दी गई तालिका के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

**TABLE 3: THE DECLINING SEX RATIO IN INDIA, 1901–2011**

| Year | Sex ratio (all age groups) | Variation over previous decade | Child Sex ratio (0–6 years) | Variation over previous decade |
|---|---|---|---|---|
| 1901 | 972 | – | – | – |
| 1911 | 964 | –8 | – | – |
| 1921 | 955 | –9 | – | – |
| 1931 | 950 | –5 | – | – |
| 1941 | 945 | –5 | – | – |
| 1951 | 946 | +1 | – | – |
| 1961 | 941 | –5 | 976 | – |
| 1971 | 930 | –11 | 964 | –12 |
| 1981 | 934 | +4 | 962 | –2 |
| 1991 | 927 | –7 | 945 | –17 |
| 2001 | 933 | +6 | 927 | –18 |
| 2011 | 943 | +10 | 919 | –8 |

NOTE: *The sex ratio is defined as the number of females per 1000 males; Data on age-specific sex ratios is not available before 1961*

**Source:** *Census of India 2011, Government of India.*

क) लैंगिक असंतुलन के क्या परिणाम होंगे? 4

ख) 2001 से पहले भारत में घटते लिंगानुपात के कारण बताइए। 2

**(प्रश्न 33. दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए)**

33 बीसवीं सदी की शुरुआत में प्रति 1000 पुरुषों पर 972 महिलाएं थीं, लेकिन इक्कीसवीं सदी की शुरुआत तक यह लिंग अनुपात घटकर 933 रह गया। पिछले चार दशकों की प्रवृत्तियाँ विशेष रूप से चिंता का विषय रही हैं – 1961 में लिंग अनुपात 941 था, जो 1991 में घटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 927 पर पहुँच गया, इसके बाद 2001 में इसमें थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई। भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार लिंग अनुपात में वृद्धि हुई है और अब यह प्रति 1000 पुरुषों पर 943 महिलाएं है।

क) लैंगिक असंतुलन के क्या परिणाम होंगे? 4

ख) 2001 से पहले भारत में घटते लिंगानुपात के कारण बताइए। 2

34 "1990 के दशक से, सरकार ने उदारीकरण की नीति का पालन किया।" वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप भारतीय उद्योग में आए परिवर्तनों की चर्चा कीजिए। 6

35 सामाजिक आंदोलनों की विशेषताओं को सूचीबद्ध कर समझाइए। 6